ndif]>

Title: Need to ensure early completion of the bypass on National Highway No.7 at Jabalpur in Madhya Pradesh.

श्री दादा बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : सभापति जी, विगत ८ वर्षों से जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. ७ पर बाईपास का निर्माण किया जा रहा है। पता नहीं क्या कारण है कि यह निर्माण कार्य मंथर गति से चल रहा है। सांसद स्थानीय विकास निधि से रेलवे विभाग को २० लाख रुपये की धनराशि समतल पारण हेतु दी गई है। वर्तमान में यह समतल पारण यातायात के निकलने हेतु तैयार हो गया है। दिनांक २८ मई, १९९८ को परिवहन मंत्रालय से सूचित किया गया था कि ३० न वम्बर, १९९८ के पश्चात यह मार्ग प्रारंभ किया जायेगा किन्तु अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के निर्देशित करें कि विचलन मार्ग से रेलवे समतल पारण से बाई पास मार्ग तुरंत आरंभ किया जाये जिससे दुर्घटनाओं एवं यातायात के संकटों को उबारा जा सके।